Bareilly, Sunday,
5 November 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 14

दैनिक जागरण inext

PAGE NO, 04, BOTTOM LEFT

एसआरएमएस में टेबल टेनिस टूर्नामेंट का हुआ आगाज

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (4 Nov): श्रीराम मूर्ति कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में सैटरडे को सुबह 10वीं श्रीराम मूर्ति मैमोरियल एवं तृतीय यूपी राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट इनॉग्रेशन हुआ. श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति, बरेली टेबल टेनिस संघ के सचिव दीपेंद्र कामथान, अंतरराष्ट्रीय रेफरी अमित सिंह, श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन एकेडेमिक्स डॉ. प्रभाकर गुप्ता, श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज के प्रिंसिपल डॉ. एमएस बुटोला ने इनॉग्रेशन किया. देर रात तक संचालित मैचों में खिलाड़ी जोर आजमाइश करते रहे.

यह भी रहे मौजूद

लखनऊ, आगरा, गाजियाबाद, कानपुर, इटावा, प्रयागराज, गौतम बुद्ध नगर, अलीगढ़, मुरादाबाद सहित करीब दर्जन भर जिलों के वरीयता प्राप्त खिलाड़ी टूर्नामेंट में खेल रहे हैं. टूर्नामेंट के आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. सोवन मोहंती ने सभी का आभार जताया और धन्यवाद ज्ञापित किया. अंपायर सौम्या सिन्हा एवं आरिफ नियाज, स्कोरर एनके लाहिरी, डॉ. एलएस मौर्या, डॉ. जसप्रीत कौर, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. नसीम अख्तर, डॉ. आरती गुप्ता, चीफ प्रोक्टर डॉ. जितेंद्र सिंह यादव, टूर्नामेंट आयोजन कमेटी के सदस्य और अन्य फैकेल्टी मेंबर्स मौजूद रहे. टूर्नामेंट में सात महिलाएं अंपायर के रूप में शामिल हो रही हैं.